तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 22.1 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 27 जून, 2025

14 शराब के 9 ठेकों की अलॉटमेंट के लिए ठेकेदारों को किया प्रोत्साहित




14 जूनियर नेशनल बॉक्सिंग में हरनूर ने जीता गोल्ड मेडल



## खबर संक्षेप

### इग्नू ने शुरू किया बीए होम साइंस पाठ्यक्रम

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 से 12वीं पास छात्रों के लिए बीए होम साइंस कोर्स शुरू किया है। यह पाठ्यक्रम ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में उपलब्ध होगा और नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित है। इस कोर्स में छात्र न्यूट्रिशन, ह्यूमन डेवलपमेंट, फैब्रिक साइंस आदि विषयों का अध्ययन करेंगे। कोर्स की वार्षिक फीस 5000 रुपये है और इसमें एग्जिट ऑप्शन भी उपलब्ध हैं, जिससे छात्र पहले, दूसरे या तीसरे वर्ष के बाद प्रमाण पत्र या डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं।

### गुरुद्वारा पाक के लिए मांगे 20 अगस्त तक आवेदन

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों में दर्शन हेतु इच्छुक श्रद्धालु 20 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाकर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### दुकान में मारपीट करने के चार आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने मिष्ठान भंडार की दुकान में घुसकर संचालक को चोट मारने के मामले में और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोनीपत के कासंडा गांव निवासी अमन, सैयद खेडा गांव निवासी रोनक व मोहित व नूरन खेडा निवासी युगल के रूप में हुई है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### युवक के खाते से 2.31 लाख रुपये निकाले

**पानीपत।** शहर की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक के साथ साइबर फ्रॉड हो गया। युवक के खाते से 2 लाख 31 हजार रुपए डेबिट हो गए। युवक अपनी मां के इलाज के लिए पैसा इकट्ठा कर रहा था। युवक ने न ही कोई ओटीपी शेयर किया और न ही किसी लिंक पर क्लिक किया। उसके पास कोई कॉल भी नहीं आई। तब भी उसका खाता खाली हो गया। मामले की शिकायत दर्ज करवा दी गई है।

### बाइक की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव सारण निवासी नितिन ने बताया कि उसका पिता सोहन लाल गांव भगवानपुर की तरफ किसी काम से गया था। इस दौरान तेज गति से बाइक लेकर आ रहे प्रिंस ने उसके पिता को टक्कर मार दी। पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### ट्रक की टक्कर से कार सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** ईस्ट भाटिया नगर निवासी महक रानी ने बताया कि वह गगन शर्मा के साथ कार मे जा रही थी। छछरौली के पास ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

## यमुनानगर के लोगों की शिकायत पर नगर निगम ने दिया था स्कूल को नोटिस

# रिहायशी क्षेत्र में था स्कूल का गेट अदालत के आदेश पर किया सील

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट सूरज भान के नेतृत्व में कार्रवाई

- प्रतिष्ठित निजी स्कूल के अंदर और बाहर के गेटों को किया गया सील

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर**

शहर के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल के पिछले गेट को वीरवार को नगर निगम ने सील कर दिया। कोर्ट के आदेशों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट सहायक जिला गन्ना अधिकारी सूरज भान के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर थाना पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। स्कूल का पिछला गेट सरोजनी कॉलोनी में रिहायशी क्षेत्र में एक मकान की तरफ लगाया हुआ है। जिसके चलते कॉलोनी के लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम में दी थी। बाद में मामला कोर्ट में चला गया था। अब कोर्ट के आदेशों पर निगम ने स्कूल के इस गेट को अंदर व बाहर दोनों तरफ से सील कर दिया। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि कुछ साल पहले सरोजनी कॉलोनी के लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शहर के निजी स्कूल का पिछला गेट रिहायशी क्षेत्र में है। जोकि गलत है। निगम द्वारा स्कूल को नोटिस जारी कर गेट बंद करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद मामला कोर्ट में चला गया। कोर्ट द्वारा भी 10 अगस्त 2023 को स्कूल को गेट बंद करने के आदेश दिए थे। लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में नगर निगम द्वारा भी स्कूल को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई। अब अदालत द्वारा स्कूल के गेट को सील करने के आदेश दिए गए। कोर्ट के आदेशों पर गेट को सील करने के लिए सहायक जिला गन्ना अधिकारी सूरज भान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट सूरज भान के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जिसमें नगर निगम के सहायक नगर योजनाकार दीपक सुखीजा, जेई हरिंद्र कुमार, यमुनानगर शहर थाना पुलिस के एसआई नरेंद्र, एएसआई शिमला व अन्य को शामिल किया गया। टीम वीरवार दोपहर स्कूल पहुंची। निगम द्वारा पहले स्कूल के गेट को बाहर की तरफ से सील किया। इसके बाद अंदर की तरफ ताला लगाकर सील लगाई गई।



**यमुनानगर।** निजी स्कूल के गेट को सील लगाते निगम अधिकारी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### स्कूल प्रबंधन को निर्देश

स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिए कि यदि गेट पर लगाई गई सील को तोड़ने का प्रयास किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में कहीं भी अवैध निर्माण व कार्य होने नहीं दिया जाएगा। यदि कहीं भी कोई अवैध निर्माण कार्य करता है तो आमजन इसकी सूचना नगर निगम में दें। तुरंत निगम द्वारा विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री बघेल ने किए सरस्वती नदी के दर्शन



- सरस्वती नदी हमारी जड़ों को हमसे जोड़ती है : बघेल
- उप-चेयरमैन धूमन सिंह किरमच की टीम के कार्यों को सराहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र**

केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने कहा कि सरस्वती नदी हमारी जड़ों को हमसे जोड़ती है और इस पवित्र कार्य पर सरस्वती बोर्ड लगा है। सरस्वती नदी मृत प्राय थी, लेकिन अब 400 किलोमीटर में पानी बह रहा है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि सरस्वती बोर्ड निरंतर इस तरह के कार्य कर रहा है, जिससे सरस्वती रिवाइव हो। केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी बघेल ने झांसा रोड स्थित सरस्वती नदी के घाट पर पहुंचकर सरस्वती नदी के दर्शन किए।

उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार व पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को सरस्वती नदी को रिवाइव करने के लिए बधाई दी। साथ ही उप-चेयरमैन धूमन सिंह किरमच की टीम के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरस्वती गंगा यमुना का संगम हमारे प्रयागराज में होता है और यह मेरा सौभाग्य है कि मैने तीनों नदियों का साक्षात दर्शन किया। मैं सरस्वती नदी पर आकर अपने आपको धन्य महसूस कर रहा हूँ। सरस्वती नदी आदिकाल से ही बहती रही है और हरियाणा सरकार के प्रयासों से फिर से इतना पानी सरस्वती में बह रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस तरह के प्राचीन काल की हमारी सभ्यता को उजागर करने में लगी है। उत्तराखंड, हिमाचल, आदिबद्री से लेकर हरियाणा व राजस्थान गुजरात तक का जो सरस्वती बोर्ड का प्लान है उस पर काम किया जा रहा है। सभी नदियों पर इस तरह की बोर्ड बनाने चाहिए, ताकि नदियों को एक दिशा मिल सके और इनके कार्यों पर तेजी आ सके।

# आर्थिक रूप से कमजोर 11 बेटियों को मिलेगा पर्वतारोहण प्रशिक्षण

- एमउएम फाउंडेशन ने एक ऐतिहासिक पहल की : सैनी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की प्रेरणादायक सेवा के उपलक्ष्य में एम3एम फाउंडेशन ने एक ऐतिहासिक पहल की है।

फाउंडेशन ने हरियाणा की आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाली 11 बेटियों को निःशुल्क पर्वतारोहण प्रशिक्षण का अवसर देकर उनके सपनों को पंख दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन बालिकाओं का चयन 200 से अधिक आवेदनों में से किया गया। यह सभी प्रतिभाशाली बेटियां अब अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एलायड स्पोर्ट्स, मनाली में 1 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक चलने वाले 26 दिवसीय बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स में भाग लेंगी।



### सीएम ने किया सम्मानित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से इन बेटियों को फ्लैग ऑफ कर उनके हौसले को सलाम किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर एम3एम फाउंडेशन के अध्यक्ष ऐश्वर्या महाजन, फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. पायल कनोडिया, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस विशेष कार्यक्रम को नींव से शिखर तक नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की लड़कियों को पर्वतारोहण जैसी चुनौतीपूर्ण विधा में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर, सशक्त और प्रेरणास्रोत बनाना। यह कार्यक्रम एम3एम फाउंडेशन द्वारा हर दो साल में चार बैचों के माध्यम से आयोजित किया जाएगा, और उनमें से 5 चयनित बेटियों को माउंट एवरेस्ट ट्रैकिंग का सुनहरा अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

### गैस गोदाम के स्टोर कीपर ने लगाया फंदा

**अंबाला।** अंबाला शहर के मनमोहन नगर स्थित मोहित गैस एजेंसी के स्टोर कीपर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 46 वर्षीय सतनाम सिंह के रूप में हुई है। सतनाम ने गोदाम में वीरवार सुबह 11 बजे एक पेड़ पर रस्सी से फंदा लगा लिया था। गोदाम में काम करने वाले कर्मचारी ने देखा तो चीख पुकार मच गई। इसके बाद कर्मचारियों ने ही सतनाम को फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। अस्पताल लाने पर सतनाम को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शाम चार बजे मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया। अभी तक सतनाम के आत्महत्या किए जाने की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है। इस सिलसिले में पुलिस जांच की बात कह रही है।

# पंचायती भूमि से कब्जा न हटाए जाने पर सरपंच ने दी आत्मदाह की धमकी

- 2 जुलाई तक कब्जा न हटा तो सरेआम आग लगाकर कर लूंगी आत्महत्या : नेहा शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़**

गांव माजरा की महिला सरपंच नेहा शर्मा ने प्रशासन को आत्मदाह की धमकी दी है। इसके लिए उन्होंने 2 जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया है। मामला पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटाए जाने का है। उसका आरोप है कि मौके पर आने के बावजूद प्रशासन की ओर से कब्जा नहीं हटाया गया।

इसकी वजह से पंचायत का अपमान हुआ है। अब एसडीएम ने मामले में जरुरी कार्रवाई की बात कही है। सरपंच नेहा शर्मा ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन गांव में पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटाने आए थे। लेकिन कोई कार्रवाई किए बिना ही वापस लौट गए। इस घटना से आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाने का फैसला किया है। सरपंच ने अपने हलफनामे में कहा है कि अगर प्रशासन ने समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की तो वह 2 जुलाई को आत्मदाह कर लेंगी। इस गंभीर धमकी को देखते हुए प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सरपंच ने कहा कि वह कार्रवाई न होने पर बीच बाजार में आत्मदाह करेगी।



सरपंच नेहा शर्मा।

#### पंचायत का अपमान

सरपंच नेहा शमा ने बताया कि 24 जून 2025 को पंचायती जमीन से कब्जा हटाए जाने के लि ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। पुलिस बल उपलब्ध करवाया, इसके बाद मौके पर पहुंचे ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन पहुंचे और दुकान खाली कराए बगैर ही वापस लौट गए। इसकी वजह से पंचायत का अपमान हुआ है।

# नहर की पटरी पर मिला शव, हत्या की आशंका

- मृतक युवक के सिर में चोट और मौके पर मिले खून के निशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री**

इंद्री के पास से गुजर रही पश्चिमी यमुना नहर की पटरी पर गांव धमनहेरी के पास करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला।

मौके पर पड़े खून व युवक के सिर मे लगी चोट के कारण युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। राहगीरों ने जैसे ही नहर की पटरी के पास शव पडा देखा तो तुरंत घटना की सूचना डायल 112 व इंद्री पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 व इंद्री थाना प्रभारी विपिन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। इंद्री के डीएसपी सतीश गौतम भी मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाने के बाद शव को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भेज कर जांच शुरू कर दी है। डीएसपी सतीश गौतम व थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि युवक की उम्र करीब 30 वर्ष लग रही है।



**इंद्री।** धमनहेरी के पास मिले शव मामले की जांच करती पुलिस व एफएसएल टीम

#### शिनाख्त के प्रयास

युवक की दाहिनी बाजू पर हिंदी में हरदीप व अंग्रेजी में एचएस लिखा है। युवक के सिर पर चोट के निशान है जिस कारण युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के शवगृह भेज कर मृतक युवक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मनान की सरपंच पर लटकी सस्पेंशन की तलवार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत**

क्षेत्र के गांव मनाना की महिला सरपंच रेखा देवी पर लगे भष्ट्राचार के आरोपों की जांच तेज हो गई है। महिला सरपंच को सस्पेंड करने की मांग पर आज सरपंच का पक्ष रखने के लिए डीसी कार्यालय बुलाया गया। उनका पक्ष सुनने के बाद डीसी ने एक आदेश जारी किए। जिनमें कहा गया है कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी समालखा के पत्र अनुसार ग्राम पंचायत के स्टाक रजिस्टर के पेज पर दर्ज विवरण अनुसार कई सामान बिना बोली करवाए खुर्द.बुर्द करने के कारण ग्राम सरपंच मनाना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद आज 26 जून को सरपंच को निजी सुनवाई का अवसर दिया गया था। निजी सुनवाई के दौरान डीसी द्वारा दिए गए आदेशों की पालना में 2 जुलाई की सुबह 11 बजे गांव मनाना में शिकायत के संबंध में मौका निरीक्षण किया जाना है। इसलिए तय तिथि और समय पर ग्राम पंचायत मनाना के पंचायत घर में हाजिर आना सुनिश्चित करें।

### नियमों के विरुद्ध जाकर पंचायती सामान की बोली करने का आरोप

बीडीपीओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में कहा है कि गांव के ही रहने वाले संदीप राठी ने इस गबन की शिकायत की थी। जिसमें लिखा गया था कि कृषि योग्य भूमि पर स्थित ट्यूबवैल व अन्य छोटे समरसीबल की मोटरें, लोहें की पाइप, स्टार्टर, तारें, लोहे के जाल आदि बदलवाकर नए लगाए गए। नियमानुसार पुराना स्टॉक में दर्ज किया जाता है। सरपंच रेखा ने 18 अगस्त 2023 को सामान की बोली सुनिश्चत की। लेकिन अपने चहेतों को बिना किसी बोली के सामान बेच दिया। इस शिकायत के आधार पर जांच कमेटी गठित की गई थी। जिसकी जांच में मामला सही पाया गया था। जांच रिपोर्ट डीसी को सौंप दी गई थी।

## शिक्षा विभाग ने छात्रों को मिलने वाले भेजन को लेकर दिए निर्देश

# मिड डे मील की अब हर महीने होगी लैब में जांच

- साल में दो बार चिकित्सक करेंगे छात्रों की सेहत की जांच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा**

शिक्षा विभाग की ओर से सूबे के सरकारी स्कूलों में संचालित मिड डे मील योजना को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा कर विद्यालयों में पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया है। विभागीय पत्र में दिए गए दिशा-निर्देशों में सभी स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन को स्थापित करने, स्कूली बच्चों की साल में दो बार स्वास्थ्य जांच किए जाने व एल्बेंनडाजोल की गोलियां का वितरण करने जैसे अन्य कई प्रकार के कार्य किए जाने के बारे में कहा गया है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि फरवरी व सितंबर महीने में सभी विद्यार्थियों को कृमिनाशक गोलियां वितरित की जाएंगी। साथ ही वर्ष में दो बार छात्रों की लंबाई और वजन मापने के निर्देश दिए गए हैं। जिन विद्यार्थियों का बीएमआई कम है, उन्हें प्रोटीन युक्त अतिरिक्त भोजन देने को कहा गया है। स्कूलों में बनने वाले मिड डे मील का मास में एक बार भारत सरकार द्वारा अनुमोदित प्रयोगशाला से परीक्षण करवाना अनिवार्य किया गया है। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय को जोड़ते हुए तिथि भोजन जैसे कार्यक्रम विशेष अवसरों, जन्मदिनों, राष्ट्रीय पर्वों व त्योहारों को मनाए जाएं। इस दिन विशेष पकवान बनाने व अभिभावकों से स्वैच्छिक सहयोग लेने को कहा गया है। बच्चों को भोजन परोसने से पूर्व एसएमसी सदस्यों, अभिभावकों और संरक्षकों द्वारा भोजन का स्वाद चखने को कहा गया है तथा उसका रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज किया जाना है। हर वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान स्कूल स्तर पर कुकिंग प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जाएगा जिसमें कुक एवं हेल्पर भाग लेंगे। मिड डे मील योजना के तहत स्कूलों में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु नुक्कड़ नाटक, कला एवं पोस्टर मेकिंग जैसी गतिविधियां करवाने को कहा गया है।

#### साल में दो बार करवानी होगी जांच

पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों की वर्ष में दो बार डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की जानी है। साथ ही सप्ताह में एक दिन आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां वितरित करनी होंगी। इसके अतिरिक्त स्कूलों को अपने परिसर में स्कूल न्यूट्रिशन गार्डन स्थापित करने के बारे में कहा गया है। स्थान की कमी होने पर भवन की छत पर गमलों या पॉलीबैग में सब्जियां उगाई जाएं। इस प्रक्रिया में विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाए ताकि उन्हें ताजा एवं पौष्टिक भोजन मिल सके।

#### निर्देशों की अनुपालना होगी

शिक्षा विभाग की ओर से जारी मिड डे मील योजना का पत्र मिल चुका है। इसे सभी बीईओ को भेजकर दिए गए निर्देशों की अनुपालना करने को कहा गया है।
- सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी।

### छेड़छाड़ मामले में होटल मालिक को जमानत

**अंबाला।** आम्रपाली रिसॉर्ट के मालिक को छेड़छाड़ के मामले में जमानत मिल गई है। पुलिस ने होटल मालिक को 19 जून को एक महिला कर्मचारी की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। महिला ने आरोप लगाया था कि होटल मालिक ने उसे केबिन में बुलाकर हाथ पकड़ा, गले लगाने को कहा और बाहर घूमने का प्रस्ताव रखा। अपने फैसले में अदालत ने कहा कि आरोपी 19 जून से हिरासत में है। उसके खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है। ऐसे में आरोपी को और अधिक हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

वकील ने कोर्ट को बताया कि 9 जून 2025 से 14 जून 2025 तक महिला अपनी ड्यूटी पर नहीं आई और जब उसने अपना वेतन मांगा तो रिसॉर्ट के मालिक ने उसकी ड्यूटी से लंबी अनुपस्थिति के बारे में ऐतराज जताया।

# पंजौला में किसान के घर पर एनआईए ने की रेड

- पांच घंटे तक ली तलाशी, बैंक खाते व कॉल डिटेल की जांच
- आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुई राशि की जांच का मामला

**हरिभूमि न्यूज. अंबाला**

नन्यौला रोड स्थित पंजौला गांव में वीरवार एनएआईए की टीम ने किसान वीरेंद्र सिंह के घर में रेड की। सुबह 4 से 9 बजे तक जांच टीम ने पूरे घर को खंगाला। किसान के बैंक खाते व मोबाइल फोन की कॉल डिटेल को भी जांचा।

इस रेड के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गई। सूचना पाकर नन्यौला चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। रेड के बाद जांच टीम वापस लौट गई। नन्यौला चौकी प्रभारी एएसआई हरजिंद्र सिंह ने बताया कि टीम एक आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुई राशि की जांच करने के लिए आई थी। किसान के एक विदेश में बैठे दोस्त से भी फोन पर राशि के बारे में पूछताछ की गई। किसान विरेंद्र सिंह की कॉल हिस्ट्री आने के कारण टीम ने पूछताछ की थी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जांच टीम कोई दस्तावेज भी अपने संग लेकर गई है कि नहीं। किसान विरेंद्र सिंह खेतीबाड़ी करता है। गांव में किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाने का भी काम करता है। फिलहाल ग्रामीण किसान को शक की नजर से देख रहे हैं। हालांकि अभी तक किसान ने मीडिया को कोई सफाई नहीं दी।

# ट्विन सिटी में जलभराव की समस्या का करें स्थाई समाधानः मेयर

◆ मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त अखिल पिलानी ने बैठक में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

ट्विन सिटी में बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम कार्यालय में निगम अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षत मेयर सुमन बहमनी ने की। मौके पर बैठक में निगमायुक्त अखिल पिलानी समेत अन्य निगम के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में जलभराव के स्थाई समाधान पर गहनता से चर्चा की गई।

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में बरसात होने पर ट्विन सिटी में जलभराव की समस्या नहीं हो सके इसके लिए स्थाई समाधान करें। उन्होंने जगाधरी से आ रहे पानी की निकासी को लेकर बनाए जा रहे स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम जल्द पूरा करने, भविष्य में नालों की सफाई का टेंडर मानसून से कई माह पहले लगाने के निर्देश दिए।

ताकि मानसून से पहले सभी नालों की सफाई का कार्य पूरा किया जा सके। मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को जोर देकर कहा कि शहर में बरसात के मौसम में बार बार जलभराव की समस्या से निपटने के लिए उसका जल्द स्थाई समाधान करने का प्रयास करें। ताकि शहर में जलभराव की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। इस दौरान बैठक में जिले में दो दिन लगातार हुई बारिश से शहर में जिन स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई।

## निचले स्थानों पर पानी निकासी के लिए लगाएं मोटर पंप



**ये रहे मौजूदः** मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक, एक्सईएन विकास धीमान, निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल, सुरेंद्र दहिया व राजेश शर्मा इत्यादि मौजूद रहें।

### नालों की सफाई के लिए लगाएं अतिरिक्त कर्मचारी

उन प्वाइंटों पर निकासी के समाधान की समीक्षा की गई। जिन इलाकों में जलभराव हुआ वहां के नालों व सीवरेज व ड्रेनेज सिस्टम पर चर्चा की गई। निचले स्थानों पर पानी निकासी के लिए मोटर पंप लगाए। इसके लिए पहले से ही अतिरिक्त पंपों की व्यवस्था करने, बड़े नालों में जहां अभी भी गाद व गंदगी है उसे तुरंत साफ कराए जाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त अखिल पिलानी ने मेयर सुमन बहमनी को बताया कि निचले इलाकों से बारिश के पानी से निपटने के लिए निगम द्वारा अतिरिक्त पंपों की व्यवस्था कर ली है। अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर नालों की सफाई कराई जा रही है। शहरवासी भी नालों में पॉलिथीन, कपड़े व अन्य कचरा फेंकते हैं। जिससे पानी निकासी की समस्या उत्पन्न होती है। स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम रेलवे लाइन के पास रेलवे विभाग के चलते रुका हुआ है। स्टॉर्म वाटर ड्रेन का काम पूरा होने से जगाधरी से आ रहे नाले का पानी डायवर्ट हो जाएगा। जिससे मॉडल टाउन, प्रोफेसर कॉलोनी, लाजपत नगर व विजय नगर समेत अन्य इलाकों में भविष्य में जलभराव नहीं रहेगा। जलभराव के स्थाई समाधान के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।

---

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार दो युवकों ने युवती से झपटा बैग

**यमुनानगर।** बस स्टैंड के पास बुधवार शाम बाइक सवार दो युवकों ने युवती का बैग झपट लिया। बैग में लैपटॉप, दस्तावेज व अन्य सामान था। पुलिस ने युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हरबंसपुरा कॉलोनी निवासी निशा ने बताया कि वह शाम साढ़े पांच बजे काम से घर लौट रही थी। जब वह बस स्टैंड के पास पहुंची तो दो युवक बिना नंबर की बाइक पर आए। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी युवक उसके पास से उसका बैग छीन कर भाग गए। शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहे।

### किराये पर ट्रैक्टर व कार लेकर नहीं दिए पैसे

**यमुनानगर।** किराये पर ट्रैक्टर-ट्राली लेकर पैसे नहीं देने पर पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांवा बूडिया निवासी शरद कुमार जैन बताया कि उत्तर प्रदेश के जिला शामली के गांव निरालसी उर्फ कादरगढ़ निवासी वर्ष 2020 में ओमकार सिंह व मनोज कुमार ने जगदीश चंद के साथ मिलकर उससे ट्रैक्टर व कार किराये पर ली थी। आरोपियों ने प्रति माह उसे किराये के पैसे देने थे। शुरू में आरोपी उसे प्रति माह किराये के पैसे देते रहे। मगर इसके बाद आरोपियों ने किराये के पैसे देना बंद कर दिया। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोपियों ने उसे किराये के पैसे देने से मना कर दिया।

---

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. वनीला ने किया जागरूक

# सच्चे सेवक बनकर नशा मुक्त समाज बनाने में सभी दें अपना सार्थक सहयोग

कार्यक्रम में स्टाफ, मरीजों और अन्य लोगों से समाज को नशा मुक्त बनाने के अभियान में सहयोग देने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत वीरवार को शहर के गांधीनगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नशामुक्त जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. वनीला ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ सदस्यों, मरीजों व अन्य लोगों को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए शपथ दिलाई गई।

मुख्य वक्ता एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. वनीला ने कहा की हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उदेश्य भारत को नशा मुक्त बनाना है और नशीली दवाइयों व नशा के विरुध लोगों को जागरुक करना है। ताकि भारत नशा मुक्त बन सके और नशामुक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 26 जून को लोगों को नशीली दवाओं के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने और नशीली दवाओं की चपेट में नहीं आने के लिए जागरुक करने के लिए मनाया जाता है। डॉ. वनीला ने कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के कर्मचारियों, स्टॉफ सदस्यों, मरीजों व मौके पर मौजूद अन्य लोगों को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाते हुए उन्हें तीन बिंदूओं के अनुसार शपथ दिलाई। जिसमें कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि वह शपथ लेते हैं कि मैं किसी भी प्रकार का नशा नहीं करता हूं और ना करता था और ना ही भविष्य में करुंगा। इसके अलावा अपने साथियों, परिजनों व समाज के स्वजनों को भी नशा से दूर करने के लिए जागरुक करुंगा। मौके पर कार्यक्रम में मौजूद सभी ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु शर्मा, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ.प्रगति, रविंदर कुमार, आयुष योग सहायक दीपक बडोला, कुसुम रानी, स्टाफ नर्स मीनू, फार्मासिस्ट अक्षय , प्रदीप व सुरेंद्र कुमार इत्यादि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में नशा का सेवन नहीं करने की शपथ लेते हुए स्टाफ सदस्य व कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि।*




**यमुनानगर।** कॉलेज में नशा न करने की शपथ लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### मनुष्य के भविष्य व ऊर्जा को नष्ट करता है नशा

**रादौर।** जेएमआईटी शिक्षण संस्थान रादौर में यूथ रेडक्रास सोसायटी क्लब के तत्वावधान में वीरवार को नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत नशा मुक्त जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयोजक क्लब प्रभारी निशा रहेजा रही। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि नशा व्यक्ति की ऊर्जा और भविष्य दोनों को नष्ट कर देता है। हमें अपने युवाओं को जागरूक कर उन्हें एक स्वस्थ, सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। क्लब द्वारा इस पहल को कॉलेज के विभिन्न विभागों ने भी भरपूर समर्थन दिया। निशा रहेजा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को स्वयं को नशे से दूर रखने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान देने की शपथ दिलाई।



### एनएसएस विद्यार्थियों की नशे के खिलाफ रैली

■ स्वयंसेवकों ने नशे के खिलाफ किया जागरूक।

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में वीरवार को एनएसएस व एंटी ड्रग कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त जागरुता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को नशा का सेवन नहीं करने व उससे होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरुक किया। प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने कहा कि नशा कि नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो वह सब हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। नशा हमारे शरीर को पूर्ण रूप से खोखला कर देता है। इसलिए हमें नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए जन सामान्य को जागरूक करने का संकल्प लेना चाहिए। रैली संयोजक प्रो. ऋतु नरवाल ने बताया कि कॉलेज में नशा मुक्ति के संबंध में समय समय पर कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को जागरुक किया जाता है। वीरवार को एनएसएस के विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकालकर लोगों को नशा का सेवन नहीं करने के लिए जागरुक किया। मौके पर विद्यार्थियों ने नशा का सेवन नहीं करने और दूसरों को नहीं करने देने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय में नशे के दुष्प्रभावों से सचेत करने बारे पोस्टर भी लगवाए गए। इस मौके पर प्रो. गौरव सैनी, सहायक राजीव कुमार व जसबीर कौर मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** उत्थान संस्थान में कार्यक्रम को संबोधित करती डायरेक्टर।

### युवाओं को नशा त्यागकर स्वस्थ समाज का निर्माण करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

उत्थान संस्थान द्वारा वीरवार को अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. अंजू बाजपई व शिक्षाविद डॉ. पीके बाजपई ने युवाओं को नशा न करने के लिए प्रेरित किया।

डायरेक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति एक ऐसा अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को नशे की लत से मुक्त कराना और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को तबाह कर देता है। नशा न केवल एक व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गहरा प्रभाव डालता है। यह समस्या समाज के हर वर्ग में देखी जा सकती है। चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हो।

डॉ. पीके बाजपई ने कहा कि भारत में नशे की बढ़ती हुई समस्या से निपटने के लिए नशा मुक्ति अभियान एक संगठित प्रयास है। यह अभियान लोगों को नशे के खतरों से अवगत कराने, उन्हें सही मार्ग दिखाने और नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करने का कार्य करता है। हमें नशा मुक्त समाज का निर्माण करना चाहिए। जहां हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सके। इस मौके पर प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा, एकेडमी इंचार्ज स्वाति ठाकुर, स्पोर्ट्स इंचार्ज सुमित सोनी, डांस टीचर हनी तोमर, केयर टेकर राजेश और दीपा भी मौजूद रहे।

### मनुष्य के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है नशाः डॉ. कांबोज

**रादौर।** महाराजा अग्रसेन पार्क कमेटी ने वीरवार को अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोधक दिवस पर पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया। कमेटी प्रधान डॉ. सतीश कांबोज ने कहा कि आज समाज में नशा सेवन का प्रकोप बढ़ रहा है। इस नशा से छुटकारा दिलाने के लिए हर वर्ष 26 जून को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन व तस्करी निरोधक दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग के साथ साथ मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ लड़ाई के लिए जागरूकता बढ़ाना है। एक चौथाई बिलियन लोगों ने वर्ष 2015 में कम से कम एक बार मादक पदार्थों का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि इनमें से लगभग 29.5 मिलियन लोग या वैश्विक वयस्क आबादी का 0.6 प्रतिशत मादक पदार्थों के उपयोग से होने वाले विकारों से पीड़ित था। यह सबसे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह एचआईवीए हेपेटाइटिस, तपेदिक जैसे गंभीर रोगों का कारण है। इसके अलावा इसके आर्थिक हानि और असामाजिक व्यवहार जैसे कि चोरीए हिंसा और अपराध एवं सामाजिक कलंक तथा समाज का समग्र पतन कई रूपों में दुष्प्रभाव भी हैं।

---

# किसी ने घरेलू गैस का कमर्शियल उपयोग किया तो होगी कार्रवाई



■ रादौर में अभियान चलाकर कार्रवाई करेगा खाद्य आपूर्ति विभाग, इंस्पेक्टर सोनू ने दी जानकारी, घरेलू गैस के दुरुपयोग की शिकायतों पर संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा रादौर में अभियान चलाकर घरेलू गैस सिलेंडरो का कमर्शियल प्रयोग करने वाले ढ़ाबो, दुकानों, रेस्टोरेंट, रेहड़ियों होटल, मैरिज पैलेस व अन्य सभी संस्थानों पर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर सोनू राम ने वीरवार को यह बात कही।

उन्होंने बताया कि कुछ दुकानों, रेस्टोरेंट, ढाबों व अन्य संस्थानों में घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल कार्य के लिए प्रयोग किए जाने की बात कही जा रही है। जिन पर कार्रवाई करने के लिए विभाग द्वारा जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से कमर्शियल कार्य के लिए घरेलू गैस के सिलेंडर का प्रयोग नहीं करने के लिए आहवान किया है। उन्होंने कहा कि जल्द विभाग द्वारा अभियान चलाकर ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से कमर्शियल गैस सिलेंडर के स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की।

### आर्थिक रुप से कमजोर सभी वर्गों के लिए लाभकारी मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। डीसी पार्थ गुप्ता ने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।



पार्थ गुप्ता उपायुक्त।

**सहायता के रुप में प्रदान की जाती है अनुदान राशि**

डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता के रुप में राशि प्रदान की जाती है। जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति व टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71 हजार अनुदान राशि प्रदान की जाती है। वहीं, पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41 हजार अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51हजार अनुदान राशि प्रदान की जाती है। शादी के लिए भी 41 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

# सुसाइड नोट लिख फंदे पर लटका युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी में देर शाम मानसिक रूप से परेशान युवक ने घर में फांसी लेकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें उसने आत्महत्या के लिए किसी को दोषी नहीं ठहराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार मृतक के परिचित बलजीत सिंह व मंजीत सिंह ने बताया कि 31 वर्षीय तेजपंत सिंह अपने व्यापार में कामयाब न होने के कारण नुकसान उठा चुका था। उसने पहले जालंधर में चप्पल जूतों की फैक्ट्री खोली। लेकिन उसने व्यापार में घाटा पड़ा। जिस कारण फैक्ट्री बंद हो गई। इसके बाद उसने यमुनानगर में आकर दुकान भी खोली लेकिन उसका काम नहीं चला। जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान था। तेजपंत की मां बीमार है। जिसका इलाज जालंधर में चल रहा है और वह छह महीने से कोमा में है। तेजपंत जालंधर आता जाता था।

वह कल रात को जालंधर से परिवार में बिना किसी को बताए अपने घर पर आ गया। जालंधर में परिवार वालों ने उसे ढूंढना शुरू किया और यमुनानगर में रिश्तेदारों व दोस्तों को फोन किए। तब रात को एक दोस्त ने घर आकर दरवाजा खटखटाया तो बाहर का दरवाजा नहीं खुला। वह जाली का दरवाजा तोड़कर अंदर गया तो देखा गुरुपंत का शव छत से लटका हुआ था। उसने बाहर आकर पड़ोसियों को सूचना दी और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया।



मृतक युवक का फाइल फोटो।

### सुसाइड नोट हुआ बरामद

पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा तो उसके पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें उसने लिखा था कि वह अपने माता पिता का कामयाब बेटा नहीं बन सका और इसके लिए किसी को भी दोषी नहीं ठहराया जाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। रामपुरा पुलिस चौकी के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मामले में बीएनएस 194 के तहत कार्रवाई की गई।

---

# बारिश ने खोली विकास के दावों की पोल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन वीरवार को मॉडल टाउन में पार्टी कार्यालय में पूर्व जिला प्रधान व यमुनानगर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने की। जिसमें कार्यकर्ताओं ने पिछले दो दिन लगातार हुई बारिश से ट्विन सिटी में जगह जगह हुए जलभराव पर प्रदेश की भाजपा सरकार व नगर निगम प्रशासन के विकास के दावों को झूठा बताया।

रमन त्यागी ने कहा कि पिछले दो दिन में यमुनानगर जिले में लगातार हुई बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिले के कई क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। गांवों से लेकर शहर की गलियों तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। जिससे लोगों का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। घरों में पानी घुसने से आमजन को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। कई मकानों में फर्नीचर, इलेक्ट्रोनिक्स व घरेलू सामान खराब हो गया है। भाजपा सरकार केवल विकास के खोखले दावे कर रही है। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार में न तो जनता की समस्याओं का समाधान हो रहा है और ना ही बेरोजगारों को रोजगार मिल रहे हैं। वहीं, जिला समेत प्रदेश में आए दिन आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। जहां जलभराव हुआ है वहां पर अभी तक कोई राहत नहीं पहुंची है। प्रभावित लोग स्वयं ही अपने स्तर पर राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सरकार ने पहले से तैयारी की होती तो आज जनता को यह दिन न देखना पड़ता। सरकार की विकास योजनाएं केवल कागजी हैं। कांग्रेस नेता रमन त्यागी ने यमुनानगर नगर निगम की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि निगम में भी भाजपा का ही कब्जा है। सफाई व्यवस्था से लेकर जल निकासी तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। नालों की सफाई समय पर नहीं कराई गई। सरकार से राहत कार्यों में तेजी लाए जाने और प्रभावित लोगों के नुक्सान की भरपाई किए जाने समेत भविष्य में जलभराव की आपदा से निपटने के लिए ठोस इंतजाम करें।



**ये रहे मौजूदः** इस मौके पर कमल विनायक, विजयपाल, रमाशंकर, संदीप बग्गा, दिलशाद, वासुदेव, आजाद कुमार व विश्वास करण आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने दिया जल्द समाधान करने का आश्वासन

# शिविर में समाधान के लिए आई 22 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिला सचिवालय के सभागार में वीरवार को जिलास्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीटीएम पीयूष गुप्ता ने की। शिविर में अधिकारियों को 22 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें सबसे ज्यादा परिवार पहचान पत्र में हुई गलती की थी। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 22 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें तेलीपुरा निवासी बहादुर कुमार, खुंडेवाला निवासी निशा देवी, तेली माजरा निवासी असलम खान, यमुनानगर निवासी रमेश सिंह, पुराना हमीदा निवासी लाडो ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे समस्याएं रखी।

इसके साथ ही सेक्टर-18 निवासी धर्मबीर कांबोज ने अवारा पशुओं की समस्या, सड़क की रिपेयर की मांग, स्ट्रीट लाईट, स्पीड ब्रेकर लगवाने बारे, यमुनानगर निवासी राम सिंह बीपीएल राशन कार्ड बनवाने बारे, रामपुरा निवासी नरेश नंदा ने नगर निगम से संबंधित समस्या रखी। मछरौली निवासी हरिचंद ने दिव्यांग पेंशन लगवाने बारे, कांसापुर निवासी पवन कुमार ने गोहर पक्का करवाने बारे, बैंक कॉलोनी निवासी राज कुमार ने आयुष्मान कार्ड बनवाने बारे समस्या रखी। गांव कूलपुर निवासी निर्मल सिंह ने पुलिस से संबंधित समस्या रखी।

बसंत नगर निवासी बीना रानी ईएसआई की पेंशन लगवाने बारे, खुंडेवाला निवासी संजय कुमार ने बरसात के पानी की निकासी करवाने, केसर नगर निवासी महिपाल ने मांस मछली की दुकान बंद करवाने बारे समस्या रखी। उन्होंने सभी समस्याओं को समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द निपटारे के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है। तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। मौके पर डीडीपीओ नरेंद्र सिंह व डीएसपी राजीव मिगलानी समेत अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### समिति सदस्यों ने मीठे जल की लगाई छबील

**शाहबाद।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने मार्कण्डेय मंदिर में बाल संस्कार केंद्र द्वारा जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने के लिए चलाए जा रहे स्कूल में छबील सेवा लगाई। कार्यक्रम में सभा के प्रधान राजेश सिंगला, मदन लाल कथूरिया, नरेश शर्मा, रनबीर वर्मा, पीयूष राव, इंदर मोहन वशिष्ठ, नरेंद्र गौड, सविता मदान, कांता पोपली और बाल संस्कार केंद्र के संचालक नरेंद्र शर्मा, अजय, सुगंध और हिमांशी मौजूद रही।

### कुवि कुलपति ने किया प्लेसमेंट ब्रोशर का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा और कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने संयुक्त रूप से जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के प्लेसमेंट ब्रोशर का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रत्येक विभाग और संस्थान अपने समाजहित और देशहित के संपूर्ण कार्यों के प्रति दृढ संकल्पित है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय संपूर्ण क्षेत्रों में अच्छे समाज निर्माण के लिए कार्य कर रहा है और प्रत्येक प्रचलित अपने स्वयं के माध्यमों से पहुंच बनाने में सफल प्रयास कर रहा है।

### कुवि के पांच विद्यार्थियों का फेडरल बैंक में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र द्वारा आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के पांच छात्र-छात्राओं का चयन फेडरल बैंक द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के चयन पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों और पूरी प्लेसमेंट टीम को बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट आफिसर डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फेडरल बैंक द्वारा विद्यार्थियों को प्लेसमेंट दी गई। यह प्लेसमेंट ड्राइव दो चरणों में सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न विभागों के 100 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## जनरल हाउस ने सर्वसम्मति से किया फैसला

# हरियाणा कमेटी का 2025-26 का आम बजट किया जाएगा तैयार : प्रधान झींडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र का साल 2025-26 का बजट सात सदस्यीय कमेटी तैयार करेगी। इस कमेटी में बतौर सहयोगी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर एवं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चीफ एडिटर भी काम करेंगें। हरियाणा कमेटी का आडिटर भी इस पर काम करेगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने हैड ऑफिस में पत्रकारों के समक्ष दी। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह रामसरण कालका, जूनियर उपप्रधान गुरबीर सिंह, धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, कार्यकारिणी समिति मैंबर जगतार सिंह मान व प्रवक्ता कुलदीप सिंह फग्गू, मैंबर स्वर्ण सिंह बुंगाटिब्बी समेत अन्य मौजूद रहे। जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि बजट में काफी कमियां थी और कई अहम बिंदुओं का इसमें कहीं भी जिक्र नहीं किया गया था, जिस वजह से हरियाणा कमेटी का साल 2025-26 का 104 करोड़ रुपए का आम बजट पास नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि सभी मैंबर साहिबान ने बारी-बारी से अपने विचार प्रकट किए, जिसके उपरांत सर्वसम्मति से एक सब कमेटी गठित कर बजट तैयार करने का निर्णय लिया गया है। बजट को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने अपनी प्रधानगी के समय से 2014 से लेकर 2020 तक का काम आडिट किया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी विज्ञापन में बाबा बंदा सिंह बहादुर के नाम में गलती एतराजभरी : जत्थेदार दादूवाल

*धर्म प्रचार विंग के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने सिख राज की पहली राजधानी स्थापित करने वाले पहले जरनैल बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन करते हुए याद किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर जी की शहीदी दिवस पर जो विज्ञापन दिया गया है, उसमें बाबा बंदा सिंह बहादुर के नाम की जगह वीर बंदा बैरागी प्रकाशित हुआ है, जिस पर संस्था को ऐतराज है। उन्होंने कहा कि चाहे यह कार्यालय की ओर से गलती की गई हो, इसमें सुधार किया जाए।*

## हरियााणा कमेटी ने एमरजैंसी की 50वीं वर्षगांठ पर मनाया काला दिवस



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा को सम्मानित करते हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा सन 1975 में लगाई गई एमरजैंसी की 50वीं वर्षगांठ पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा काला दिवस कार्यक्रम करवाया गया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि एमरजैंसी की 50वीं वर्षगांठ को काला दिवस मनाने का उनका उद्देश्य केवल इस संताप को झेलने वालों का सम्मान करना था। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा के प्रयासों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आडोटोरियम में करवाए गए इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सबसे छोटी उम्र में एमरजैंसी का संताप झेलने वाले पूर्व सांसद प्रो.प्रेम सिंह चंदूमाजरा, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान स्व. गुरचरण सिंह टोहड़ा के पोत्र कवरपाल सिंह टोहड़ा, पंजाब के पूर्व खजाना मंत्री परमिंदर सिंह ढींडसा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा.डीडीएस संधू, 48 कोस तीर्थ मॉनिटरिंग कमेटी के चेयरमैन मदनमोहन छाबड़ा, पूर्व सांसद चौधरी ईश्वर सिंह के सपुत्र चौधरी रणधीर सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के चेयरमैन महिंदर सिंह तंवर एडवोकेट, रछपाल सिंह रत्तक, केयू कुलपति सोमनाथ व रजिस्ट्रार वरिंदरपाल, समेत धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### 90 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी एलएलएम की परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में नए सत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर चल रही प्रवेश परीक्षा में वीरवार को विभिन्न कोर्सेज के लिए परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। आज एम.ए. इतिहास, एम.ए. राजनीति विज्ञान व एल.एल.एम (बजटिड व एस.एफ.एस) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं ली गई जिनमें 936 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे जबकि एल.एल.एम. की प्रवेश परीक्षा के लिए 90 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रवेश परीक्षा के दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस बारे जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार चल रही प्रवेश परीक्षाओं के चरण में एम.ए. इतिहास की परीक्षा प्रातः 10 बजे शुरू हुई जिसमें 178 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। इस परीक्षा के लिए 211 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था जबकि 12.30 बजे शुरू हुई एम.ए राजनीति विज्ञान की परीक्षा में 283 में से 223 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।



### युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशा-निदेर्शों के तहत भगवान परशु राम महाविद्यालय में विश्व नशा निषेध दिवस के अवसर पर एंटी ड्रग्स सेल द्वारा एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें मानसिक, शारीरिक और सामाजिक दृष्टि से इसके खतरों के प्रति जागरूक करना था। व्याख्यान के दौरान डॉ. दिलबाग सिंह ने कहा कि युवावस्था जीवन की दिशा तय करने का समय होता है और नशा जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की भलाई के लिए नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शीशपाल ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, मानसिक और सामाजिक रूप से भी कमजोर करता है। इस दिन को केवल एक आयोजन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जीवन भर के संकल्प में बदलें।

# प्यासों को पानी पिलाना पुण्य : कलसाना

- स्व. धर्मपाल गर्ग की याद में लगाया वाटर कूलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सुंदरपुर स्थित माता काली के मंदिर में स्व. बीके धर्मपाल गर्ग की याद में 80 लीटर का वाटर कूलर व आरओ प्यूरिफायर लगवाया। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेंद्र जैन व भाजपा नेता सुभाष कलसाना बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सुभाष कलसाना ने स्व. धर्मपाल गर्ग की पत्नी राज रानी के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। काली मंदिर के पुजारी व पार्षद प्रेम नारायण अवस्थी ने राज रानी का इस पुण्य कार्य के लिए आभार जताया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, प्रियंका गर्ग, ऋतु गर्ग सहित अन्य मौजूद रहे। सुभाष कलसाना ने नारियल तोड़कर वाटर कूलर का शुभारंभ किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में किसी को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। गर्मियों के समय में आने वाले आमजन के लिए वाटर कूलर से शुद्ध एवं शीतल जल की उपलब्धता रहेगी। कहा कि आज की सदी के युवा ईमानदार, परोपकारी व समाजसेवी है। समाजसेवी सुरेंद्र जैन ने बताया कि धर्मपाल गर्ग रिटायर्ड हैड मास्टर थे। उन्होंने 38 साल हरियाणा शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दी।



कुरुक्षेत्र। वाटर कूलर का शुभारंभ करते भाजपा नेता सुभाष कलसाना।

### विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में दमखम दिखाएंगी रुचिका

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने कहा कि विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों का आयोजन अलबामा ब्रमिंगम अमेरिका में 27 जून से 7 जुलाई तक आयोजित होंगे। इसमें साइकिलिंग से भारत का प्रतिनिधि करती हुई हरियाणा की बेटी रूचिका सिंह अपना दमखम दिखाएंगी। इससे पूर्व भी अनेक अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर अपना दबदबा दिखा चुकी है। उसी के बलबूते पर पुलिस में चयन हुआ था। साइकलिस्ट रुचिका सिंह कई वर्षों से हरियाणा राज्य के लिए खेल रही है। रुचिका सिंह के माता-पिता दोनों भी राजकीय सेवाओं में है।



*लोगों का घरों से बाहर निकलना हुआ दुश्वार*

# बिजली कॉलोनी एक्सटेंशन में कीचड़ से फैली अव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

नगर के बिजली कॉलोनी एक्सटेंशन किशनगढ़ रोड पर थोड़ी सी बरसात होने से गली में दलदल की स्थिति बनी हुई है। कॉलोनी मैं रहने वाले लोगों का कहना है कि तीन महीने पहले कॉलोनी में सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ था जो की 3 महीने पहले मिट्टी डलवाई गई थी लेकिन आज दिन तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। बरसात होने से पूरी मिट्टी गारा बन गई है। लोगों का घरों से बाहर निकलना भी दुश्वार हो रहा है। आलम यह है कॉलोनी वासी घर से बाहर निकाल कर राशन, सब्जी और दूध प्रतिदिन की जरूरत का सामान भी लाने को बेबस है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों की प्रशासन से पुरजोर मांग है कि गली का जल्द निर्माण करवाया जाए ताकि लोगों को दिक्कत का सामना ना करना पड़े।





### सुभाष सुधा के भतीजे के निधन पर जताया शोक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के भतीजे सुधांशु सुधा के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। रियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने अपने शोक संदेश में कहा कि दिवंगत व्यक्ति का निधन परिवार ही नहीं बल्कि समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है और इसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उनके भाई अशोक सुधा, नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा, पार्षद मुकुंद सुधा सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी दुःख व्यक्त किया है। इसके अलावा थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने भी पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के भतीजे के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### आपातकाल के नायकों के लिए सम्मान समारोह

**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को 1975 आपातकाल के नायकों के लिए सम्मान समारोह एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद सदस्य प्रो. नागेश ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा के सह प्रांत कार्यवाह डॉ.प्रीतम सिंह और अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति हरियाणा के प्रांत संगठन मंत्री कुलदीप सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. नागेश ठाकुर ने कहा कि 25 जून 1975 को देश के इतिहास का सबसे काला अध्याय लिखा गया,जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते संविधान पर हमला करते हुए आपातकाल लागू कर दिया।





### डीएलएसए ने किया वर्कशॉप का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर एडीआर सैंटर में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला ड्रग कंट्रोल अथोरिटी लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की टीम द्वारा सभी को इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें नालसा (डीएडब्लयुएन-ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनस नैविगेशन-फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया ) योजना 2025 की विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए कितना खतरनाक है, समाज में से नशे को समाप्त करने के लिए सभी को जागरूक होना होगा और मिल जुलकर हमें इसके लिए प्रयास करना होगा तभी हमारा समाज नशामुक्त बनेगा।

### गवर्नर मीट्स का भव्य आयोजन

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा गवर्नर मीट्स का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में असिस्टेंट गवर्नर डॉ. विवेक ललित एवं डॉ. दीप्ति ललित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब के प्रधान रोटेरियन दीपक बावेजा एवं सचिव रोटेरियन गुरुप्रकाश माटा ने मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सचिव गुरुप्रकाश माटा ने वर्ष 2024-25 के दौरान क्लब द्वारा किए गए सेवा प्रोजेक्ट्स का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष क्लब ने पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए। क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अभियान चलाया गया, तो वहीं शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेंच, किताबें, स्टेशनरी, कंप्यूटर, वाटर कूलर उपलब्ध कराए गए। होनहार विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



### गांव दयालपुर में बाजीगर समाज और कुम्हार कॉलोनी की रजिस्टरी करवाने के लिए सौंपा पत्र

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल के पूर्व प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीन कश्यप ने बीडीपीओ थानेसर को पत्र सौपकर गांव दयालपुर में बाजीगर समाज व कुम्हार कालोनी की रजिस्टरी करवाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि हरियाणा सरकार द्वारा गांववासियों के लिए सौगात दी गई है, जिसके अंदर जो भी गांववासी गांव में 20 वर्षों से पंचायती जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं, उनकी रजिस्टरी नहीं हो पाई है, वे सरकार की सभी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। सरकार ने इन सब लोगों की समस्याओं को देखते हुए आदेश जारी किए है कि जो भी गांववासी 20 वर्षों से पंचायती जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं, वे परिवार वर्ष 2004 के कलेक्टर रेट पर अपनी रजिस्टरी करवा सकते हैं। गांव दयालपुर के ये वासी कम से कम 50 वर्षों से रह रहे हैं। इन सबको पंचायत व सरकार की तरफ से सभी सुविधाएं दी जाती हैं। लेकिन फिर भी ये लोग आज तक अपनी रजिस्टरी से वंचित रहे हैं। पत्र के माध्यम से बीडीपीओ से प्रार्थना की गई कि जल्द से जल्द लोगों की रजिस्टरी करवाने का काम शुरु किया जाए जिससे बाजीगर व कुम्हार समाज कालोनी के लोग सरकार की सुविधा का लाभ उठा सके।



कुरुक्षेत्र। मांग पत्र सौंपते हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल के पूर्व प्रदेश संयोजक प्रवीन कश्यप।

**कार्यक्रम** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# दवा के दुष्प्रभाव दिखें तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें: प्रो. राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में फामार्कोविजिलेंस विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रोगियों को यह जानकारी देना था कि अगर किसी औषधि के सेवन के बाद कोई दुष्प्रभाव या अप्रत्याशित प्रतिक्रिया होती है, तो वे बिना देर किए तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में मरीजों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि औषधियों का उद्देश्य रोग को ठीक करना है, लेकिन हर व्यक्ति की शरीर प्रकृति अलग होती है। कभी-कभी किसी औषधि से प्रतिकूल प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसे नजरअंदाज करना सही नहीं है। इसलिए मरीजों को किसी भी असामान्य लक्षण के दिखते ही डॉक्टर को अवगत कराना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। मरीजों को संबोधित करते चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेंद्र सिंह चौधरी।

### रोगी और चिकित्सक दोनों को सजग रहना जरूरी: वैद्य नीतू

कार्यक्रम में फामार्कोविजिलेंस सेंटर से आई जूनियर रिसर्च फेलो वैद्य नीतू मैहला ने कहा कि औषधियों का दुष्प्रभाव केवल आधुनिक चिकित्सा पद्धति तक सीमित नहीं है,आयुर्वेदिक दवाएं भी यदि अनुचित मात्रा या बिना परीक्षण के दी जाएं, तो शरीर में प्रतिक्रिया हो सकती है। इसलिए रोगी और चिकित्सक दोनों को सजग रहना चाहिए। फामार्कोविजिलेंस का उद्देश्य ऐसी प्रतिक्रियाओं की समय पर पहचान कर उनकी रिपोर्टिंग करना है, ताकि व्यापक स्तर पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि हर छोटी प्रतिक्रिया को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सिरदर्द, उल्टी, चक्कर, एलर्जी जैसे सामान्य लगने वाले लक्षण भी दवा के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ऐसे मामलों में तुरंत चिकित्सक को सूचित करें और फामार्कोविजिलेंस फॉर्म भरें। इस अवसर पर फामार्कोविजिलेंस सेल मेंबर सेक्रेटरी डॉ. भानू प्रिया ने भी उपस्थित लोगों को फामार्कोविजिलेंस की परिभाषा, प्रक्रिया और इसके महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फामार्कोविजिलेंस का उद्देश्य दवा से होने वाले संभावित जोखिमों की पहचान कर समय रहते सावधानी बरतना है।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो नेता के रिहायशी भवन से 13 लाख की चोरी

**अंबाला।** भाजपा के युवा मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार के घर में लाखों रुपए की चोरी हो गई। चोर घर से कैश, जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अंबाला छावनी के कच्चे बाजार के आशीष कुमार ने बताया कि 25 जून को पूरा परिवार अपनी बहन के यहां घूमने गया था। जब 26 जून को सुबह अपने घर पहुंचे तो घर के सभी दरवाजों के ताले टूटे हुए मिले।

### छात्राओं ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में नशामुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज परिसर को 'ड्रग फ्री कैंपस' बनाना था। कार्यक्रम का संचालन एंटी ड्रग अवेयरनेस सैल की प्रभारी सरला सेठी और डॉ. शशि खुराना की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर बनाए।

### गांधी मेमोरियल कॉलेज में समर कैंप संपन्न

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने हाल ही में अपना समर कैंप सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्रों के कौशल विकास और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना था। इस कैंप में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उन्होंने कई गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तिगत एवं व्यवसायिक कौशल को निखारा।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रिंकल को गिरफ्तार किया है। रायवाली के तिलक राज ने 3 जून 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रिंकल व अन्य ने उसके शटरिंग स्टोर में घुसकर लोहे की प्लेटें चोरी की हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### गांजा तस्करी में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने आरोपी सोहन लाल को गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान आरोपी ने बतलाया कि आरोपी सूरज भी मामले में संलिप्त है। अब पुलिस ने आरोपी सूरज को भी मामले में गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### साइकिल रैली निकाली गई

**अंबाला।** नशे के खिलाफ युवाओं को जागरुक करने के मकसद से वीरवार को पुलिस की ओर से साइकिल रैली निकाली गई। पुलिस की ओर से नशामुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत हजारों युवाओं को नशे के खिलाफ जागरुक किया गया है। अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन के दिशानिर्देशानुसार वीरवार को पुलिस की ओर से हर्बल पार्क से नशे के खिलाफ साइकिल रैली निकाली गई।

# इंदिरा ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर थोपा था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से जिला स्तर पर हुए कार्यक्रमों में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। अंबाला शहर में स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी ने इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ साथ भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि बतान भी पहुंचे। इस कार्यक्रम में आपातकाल के दंश को झेल चुके परिवारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बताया कि कैसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सिर्फ और सिर्फ अपने निजी स्वार्थ के लिए संविधान की हत्या की और तानाशाही की सारी हदें पार कर दी। उन्होंने बताया कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति' का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल थोप दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब-जब संकट में होती है तब-तब संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटती। उन्होंनें कहा कि आपातकाल के 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है। कांग्रेस ने तरीकों को बदला है। पर उसकी नीयत अब भी वैसी ही तानाशाही वाली है। उन्होंने कहा कि संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को जानकारी होना जरूरी है। गोयल ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी को दोषी ठहराकर उनकी सदस्यता को रद्द कर दिया था। वह छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकती थी। न ही लोकसभा की कार्यवाही में भाग ले सकती थी। इंदिरा गांधी ने घबराकर संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग करते हुए देश पर आपातकाल थोप दिया।

## आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर से आयोजित किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम

आपातकाल के दौरान एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी 'राहुल-प्रियंका' के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। सत्ता की चाबी अब भी सिर्फ खानदानी जेब में रखी जाती है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का नाटक रच रहे राहुल गांधी आज अगर अपने परिवार का इतिहास पढ़ लें तो इन्हें अपने परिवार से ही घृणा हो जाएगी। वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण भान ने भी बताया कि उनके परिजनों को आपातकाल के दौरान भारी यातनाएं सहनी पड़ी। किस तरह उस समय लोगों का और लोगों के अधिकारों का नरसंहार किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, ,जिला महामंत्री करमचंद गोल्डी सैनी,विवेक शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष जगमोहन लाल कुमार,वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण भान,सुरेंद्र राणा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए असीम गोयल ने कहा कि ये खड़गे की मजबूरी है कि वो हस्तिनापुर के सिंहासन से बंधे हुए हैं।



**अंबाला।** स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री व मौजूद पार्टी नेता व कार्यकर्ता।

### कहा किसी की धमकी से डरने की जरुरत नहीं

# शराब के बचे हुए नौ ठेकों की अलॉटमेंट के लिए डीसी ने ठेकेदारों को किया प्रोत्साहित

**आवेदन करने पर मिलेगा गन लाइसेंस, सुरक्षा गार्ड भी उपलब्ध करवाए जाने का वायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले में बचे नौ शराब ठेकों की अलॉटमेंट के लिए प्रशासन ने कसरत शुरू कर दी है। इस सिलसिले में वीरवार को डीसी अजय सिंह तोमर ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की मीटिंग ली। इन बचे 9 ठेकों की तुरंत बोली करवाने के आदेश दिए। उन्होंने शराब कारोबारियों को भी बेखौफ होकर कारोबार करने की बात कही।

उन्होंने साफ कहा कि अगर किसी कारोबारी को कोई धमकी आती है तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। बाकायदा ठेकेदार को आत्म रक्षा के लिए गन लाइसेंस भी उपलब्ध करवाया जाएगा। डीसी ने कारोबारियों से कहा कि प्रशासन व पुलिस पर विश्वास रखें। सुरक्षा की दृष्टि से जो भी पुलिस सहायता या अन्य चाहिए वो उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर उनके पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि शराब ठेकेदारों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है।

वे सजग व निडर होकर अपना व्यापार करें। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में 61 शराब के ठेकों के जोन हैं। इनमें से 52 ठेकों का आबंटन किया जा चुका है। 9 शराब के ठेके बचे हैं। उन्हें ठेकेदार निर्धारित शर्तों को पूरा करते हुए लें। उन्होंने यह भी कहा कि जिस भी ठेकेदार को यदि कोई धमकी मिली है और उसने गन लाइसेंस के लिए आवेदन किया है तो उसका लाइसेंस तुरंत स्वीकार किया जाएगा। इसके साथ-साथ जिनके भी लाइसेंस रिन्यू के लिए हैं वे भी सभी आवेदन स्वीकृत होंगे।




**अंबाला।** अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी अजय सिंह तोमर।

#### ठेकेदार किसी भी तरह खुद को असुरक्षित न समझें

उपायुक्त ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस व एसटीएफ की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। ऐसे अपराधियों को एनकाउंटर करने का काम किया जा रहा है। ठेकेदार किसी भी तरह से अपने आप को असुरक्षित न समझें। जो भी पुलिस सहायता जैसे गनमैन या सिक्योरिटी गार्ड के लिए आप आवेदन करते हैं उनको सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि कानून व्यवस्था को किसी भी कीमत पर बिगडने नहीं दिया जाएगा। कोई भी ऐसा अपराधी है उस पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान शराब ठेकेदारों ने उपायुक्त को आश्वस्त किया कि बचे शराब ठेकों की जल्द बोली दी जाएगी। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि शराब ठेकेदार किसी भी तरह से घबराएं नहीं। यदि उन्हें कोई धमकी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भी सभी ठेकेदारों को विश्वास दिलाया कि वे बिना किसी डर व भय के अपने व्यापार को करते रहें। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीईटीसी कृष्ण कुमार समेत कई शराब ठेकेदार मौजूद थे।



**अंबाला।** नंदीशाला के निर्माण को को लेकर विधिवत पूजा अर्चना करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

## डंगडेहरी में 5 करोड़ की लागत से बनेगी गौशाला: नंदीशाला

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने रखा नींव पत्थर, कहा सड़कों पर बेसहारा घूम रहे पशुओं को रखा जाएगा नंदीशाला में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की जनता को राहत प्रदान करने के लिए नायब सरकार के पिटारे से एक और सौगात निकली है। पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अब शहर में नई गौशाला और नंदीशाला बनने जा रही है। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला और नंदीशाला के निर्माण की शुरुआत वीरवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,अलग अलग गौशालाओं की संस्थाओं,विभिन्न वार्डों के सदस्यों व गांव वासियों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर की। बता दें कि इस गौशाला और नंदीशाला का निर्माण होने के बाद सड़कों पर घूमने वाले बेसहारा पशुओं की वजह से होने वाले हादसों पर भी रोक लगेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि गौ,गौरी,गंगा,गायत्री और गांव में संस्कार बसते हैं। गौ माता के प्रति आमजन को भी अपने भाव में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ ज्योतिष के बताने पर हम गौमाता को चारा खिलाते हैं। दूसरी तरफ जब गौमाता गली या घर के बाहर आ जाती है तो लाठी उठाते भी समय नहीं लगाते। गोयल ने कहा कि देशभर में गाय को माता मानने वाला समाज है। उन्होंने बताया कि जनता की यह बड़ी मांग थी जो अब पूर्ण होने जा रही है। गौशाला के साथ ही एक आकर्षक पार्क बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं। गोयल ने बताया कि नायब सरकार प्रदेशवासियों को सहूलियत मुहैया करवाने के लिए संकल्पबद्ध है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता,पार्षद जसबीर सिंह,फकीर चंद,हितेश जैन,मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह मानकपुर, भाजपा नेता सुंदर ढींगरा,गुरप्रीत सिंह शाना,जय गोपाल,अनुभव अग्रवाल,नरेश अग्रवाल,नरेश छाबड़ा भी मौजूद रहे।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करना बेहद जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड कनाड़ा के सहयोग से संचालित निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लड़कियों को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कैरियर काउंसलिंग प्रदान की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की ओर से कहा कि युवाओं को अपने जीवन का एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है ताकि वह अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस मौके पर वॉलंटियर राहुल धीमान ने लड़कियों को प्रेरित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा और कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से वे अपने सपनों को हासिल कर सकती हैं। यह डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर बालिकाओं को डिजिटल साक्षरता, बुनियादी कम्प्यूटर कौशल, और कैरियर योजना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है, ताकि वे आधुनिक तकनीकी युग में आत्मनिर्भर बन सकें।




**बराड़ा।** कार्यक्रम मौजूद युवतियां व अन्य।

## एनएसएस शिविर में डीएवी के छात्रों ने की हिस्सेदारी

- शिविर में आयोजित सभी गतिविधियों में हिस्सा लेकर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 12 समर्पित एनएसएस स्वयंसेवकों की एक टीम ने हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा अंबाला कैंट के एसडी विद्या पब्लिक स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह शिविर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार तथा जिला एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरआर सूरी ने स्कूल के बच्चों को इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा उनके लिए बस सुविधा भी प्रदान की।

शिविर की शुरुआत लक्ष्य गान के गायन के साथ हुई जिसके बाद एक जीवंत स्वागत नृत्य हुआ। पूरे सप्ताह तक चले शिविर के दौरान, छात्रों ने जागरूकता, आत्मविश्वास और नागरिक जिम्मेदारी का निर्माण करने के लिए डिज़ाइन की गई कई गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रमुख कार्यक्रमों में वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिताएं, एकल और समूह नृत्य प्रदर्शन, सड़क सुरक्षा, आत्मरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा पर सत्र और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पर एक रैली शामिल थी। इन गतिविधियों ने न केवल छात्रों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाया बल्कि उन्हें सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के एनएसएस मूल्यों से जुड़ने में भी मदद की।




एनएसएस शिविर में हिस्सा लेने वाले छात्र।

## जूनियर नेशनल बॉक्सिंग में हरनूर ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अबाला शहर के पुलिस डीएवी स्कूल की छात्रा हरनूर कौर ने छठी जूनियर नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कमाल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया । यह बॉक्सिंग प्रतियोगिता एनबीए रोहतक में आयोजित हुई । इस प्रतियोगिता में हरनूर ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता हरनूर कौर ने तीसरे राउंड में हरियाणा की प्रिया को आरससी से हराया। हरनूर कौर ने 5 मुकाबलों में से 4 मुकाबले आरएससी से जीते। हरनूर कौर पहली ऐसी लड़की है जो भारतीय सेना की गर्ल्स कंपनी में चुनी गई। उसने इस चैंपियनशिप में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड टीम का प्रतिनिधित्व किया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने इस उपलब्धि के लिए हरनूर को व उसके पिता रणवीर सिंह व माता जैसमीन बेहगल को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने हरनूर के बॉक्सिंग कोच संजय कुमार , अनिल बूरा को व स्कूल के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।



**अंबाला।** हरनूर को बधाई देते प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली व अन्य।

### इद्रीश फाउंडेशन का अभियान फिर से प्रारंभ, समाज सेवा में आमजन की भागीदारी का किया प्रयोग

# अब एक गुल्लक के माध्यम से संवरेगी एक बच्चे की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बच्चों की शिक्षा को समर्थन देने की दिशा में काम कर रही प्रतिष्ठित संस्था इद्रीश फाउंडेशन ने अपनी अनूठी पहल 'गुल्लक ए शिक्षा' को एक नई ऊर्जा और सशक्त रूपरेखा के साथ दोबारा आरंभ किया है। इस अभियान का मूल उद्देश्य है एक गुल्लक के माध्यम से किसी एक बच्चे की स्कूल फीस, शिक्षा सामग्री और आवश्यक खर्चों को पूरा करना है। फाउंडेशन की संस्थापक नेहा परवीन द्वारा दो वर्ष पूर्व शुरू की गई इस पहल ने अब एक आंदोलन का रूप ले लिया है।



अभियान के तहत महिला को गुल्लक सौंपते हुए संस्था की पदाधिकारी।

#### अभी तक 32 बच्चे फाउंडेशन द्वारा पूर्ण रूप से गोद लिए गए हैं

फाउंडेशन के इंटर्न्स और वालंटियर्स द्वारा हाथ से बनाए गए रंग-बिरंगे गुल्लकों को शहर के नागरिकों को अपनाने के लिए दिया जा रहा है। हर व्यक्ति, बच्चा, युवा, वृद्ध गुल्लक में प्रतिदिन थोड़ी राशि डाल सकता है। जब गुल्लक भर जाता है, तो उसे फाउंडेशन को वापस सौंपा जाता है। उसकी राशि का उपयोग बच्चों की फीस, कॉपी-किताबों, यूनिफॉर्म और ईवनिंग क्लास के खर्चों में किया जाता है। अभी तक 32 बच्चे फाउंडेशन द्वारा पूर्ण रूप से गोद लिए गए हैं। 300 से अधिक बच्चे रोजाना ईवनिंग क्लास में पढ़ाई कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह है इस छोटी-छोटी गुल्लकों की सहायता से 100 से अधिक बच्चों तक शिक्षा पहुंचाना है। एरिया इंचार्ज नीलिमा ने बताया कि हम सब मदद करना चाहते हैं लेकिन सोचते हैं कि पैसे नहीं हैं तो क्या करें। अब मात्र 10 रुपये प्रतिदिन बचाकर भी हम एक बच्चे की फीस में सहयोग कर सकते हैं। गुल्लक एक रास्ता है छोटे क़दम से बड़ा बदलाव लाने का। इस मौके पर संस्था के सभी इंटर्न्स और वालंटियर्स ने संकल्प लिया कि जब तक अंबाला का हर बच्चा शिक्षित न हो जाए वे इस अभियान से जुड़े रहेंगे। फाउंडेशन ने लोगों से अपील की है कि एक गुल्लक अपनाएं और किसी एक बच्चे की स्कूल यात्रा का सहारा बनें। यह समाज सेवा की सबसे सरल लेकिन सशक्त शुरुआत हो सकती है।